# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 01 May 2023, Page No.- 7

## पंकज कुमार व छात्रा स्नेहा का एसएसबी में चयन





मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय स्थित कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेन्स एकेडमी के छात्र आरवीसी सेंटर मेरठ के पंकज कुमार व छात्रा स्नेहा ने एसएसबी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। पंकज कुमार पीसी एसएल कमीशन के लिए व स्नेहा एएफसीएटी के लिए एसएसबी की परीक्षा में सफलता प्राप्त की हैं। संस्थापक डा. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डा. जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा.शल्या राज ने शुभकामनाएं दी है।

## छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के स्नातक छात्रों ने कोका कोला प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। डीन एवं डायरेक्टर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स एवं प्रो. डॉ. आर.के.घई ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 01 May 2023, Page No.- City Page 5

5

01/05/23

### पंकज और स्नेह ने एसएसबी परीक्षा में हासिल की सफलता



पंकज



स्नेह

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय की कैप्टन अमरीक सिंह सुभारती डिफेंस एकेडमी के छात्र आरवीसी सेंटर मेरठ के दफादार पंकज कुमार एवं छात्रा स्नेहा ने एसएसबी परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। पंकज कुमार ने पीसी एसएल कमीशन के लिए एसएसबी की परीक्षा पास की है और स्नेहा ने एएफसीएटी के लिए एसएसबी की परीक्षा में सफलता प्राप्त की। ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने शुभकामनाएं दीं। एकेडमी के निदेशक कर्नल राजेश त्यागी ने बताया कि विद्यार्थियों ने एकेडमी के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत की है। संवाद

### सुभारती के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

मेरठ। सुभारती विवि के आचार्य विष्णु गुप्त सुभारती कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के विद्यार्थियों ने कोका कोला प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा का औद्योगिक भ्रमण किया। छात्रों के लिए कंपनी से संबंधित विस्तृत सत्र का आयोजन किया गया। डीन एवं डायरेक्टर फेकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स प्रो. डॉ. आरके घई ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए औद्योगिक भ्रमणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान उत्पादन प्रक्रिया, विपणन रणनीति एवं विभिन्न प्रबंधकीय कार्य के बारे में जाना। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 02 May 2023, Page No.- 6

H 02/05/23 (6)

### सुभारती विवि में रन फॉर फन में दौड़े कर्मचारी

मेरठ। सुभारती विवि में हुई रन फॉर फन प्रतियोगिता में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। शुभारंभ प्रो. संदीप चौधरी, प्रो. आरके घई एवं डॉ. सारिका अभय ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी एवं जेंडर चैंपियंस मौजूद रहे। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि समय तेजी के साथ बदल रहा है।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- 02 May 2023, Page No.- City Page 6**

# जीवन जीने की कला का अभ्यास है सचेतनता

02/05/23 AU 6

माई सिटी रिपोर्टर

### स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में अंतरराष्ट्रीय अतिथियों ने दिए व्याख्यान

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज एवं आयुष संकाय ने सत्यजीत राय प्रेक्षागृह में 'माइंडफुल लीडरशिप एंड इट्स इम्पैक्ट ऑन सोशल डेवलपमेंट' पर अंतरराष्ट्रीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। वक्ताओं ने कहा कि सचेतनता जीने की कला का अभ्यास है।

व्याख्यान का शुभारंभ भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने कनाडा, ताइवान, दक्षिण कोरिया व वियतनाम आदि देशों से आए अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा सचेतनता का दैनिक जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ता है। जीडीएलवाई योवर्स कनाडा की संस्थापक अजांग किम ने कहा सचेतनता जीने की कला का अभ्यास है। दक्षिण कोरिया से आई 'माइंड डिजाइन' की संस्थापक मिनजी किम, भंते थिच ट्राई डक वियतनाम इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट, डॉ. क्रिस्टी चांग अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ ताइवान, डॉ. हीरो हितो, इस दौरान प्रो. पिंटू मिश्रा, डॉ. सपना, डॉ. शालू नेहरा, डॉ. सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 03 May 2023, Page No.- City Page 5

### सुभारती में बुद्ध मेला पांच से शुरू

03/05/23 (5), AU

मेरठ। बुद्ध पूर्णिमा पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के परिपेक्ष्य में बुद्ध मेला आयोजित किया जा रहा है। यह 5 मई को शुरू होकर 9 मई तक रोजाना शाम 6 बजे से चलेगा। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने बताया कि मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, मत्स्य जलकुंड बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी, फोटो पॉइन्ट, गुब्बारे पर निशाना, बच्चों के झूले, मिक्की माउस, जादूगर, जलपान स्टॉल आदि बुद्ध मेला में आकर्षण का केंद्र होंगे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 03 May 2023, Page No.- 6



## सरोद वादन की दी प्रस्तुति

मेरठ। सुभारती फाइन आर्ट्स संकाय के मंच कला विभाग में नेपाल से पहुंची सरोद वादिका रूपा न्युपाने ने सरोद वादन की प्रस्तुति दी। रूपा न्युपाने नेपाल की प्रथम महिला सरोद वादिका हैं। रूपा ने राग चारूकेशी से करते हुए शुद्ध कल्याण में एक बंदिश की प्रस्तुति दी तबले पर संगति अभिषेक मिश्रा ने दी। डीन डॉ. पिन्टू मिश्रा, प्रो. भावना ग्रोवर, डॉ. वेनु वनिता, डॉ. अल्पना, डॉ. विधि खण्डेलवाल, डॉ. इन्द्रेश मिश्रा, तनुश्री कश्यप, निशीं चौहान, श्वेता सिंह, मेहराज खान, डॉ. श्वेता चौधरी मौजूद रहीं।

## पांच मई को सुभारती में होगा बुद्ध मेला

H (6) 03/05/23

मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर सुभारती विवि स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के परिप्रेक्ष्य में बुद्ध मेला होगा। नौ मई तक चलने वाला यह मेला प्रतिदिन शाम छह से रात दस बजे तक होगा। संस्थापक डॉ.अतुल कृष्ण ने कहा कि मेला हमारे भारतीय संस्कारों में विशेष महत्व रखता है। मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, मत्स्य जलकुण्ड बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तक एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी, फोटो पॉइन्ट, गुब्बारे पर निशाना, बच्चों के झूले, मिक्की माउस, जादूगर, जलपान स्टॉल आदि होंगे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 04 May 2023, Page No.- City Page 5

# अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर ध्यान दें : डॉ. सुभाष

## सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर हुआ कार्यक्रम

04/05/23 (5) AU

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें भाषण और अभिव्यक्ति के मामले में प्रेस की भूमिका पर वाद-विवाद प्रतियोगिता बीजेएमसी और एमजेएमसी के विद्यार्थियों के बीच कराई गई। विभागाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र थलेडी ने कहा कि सोशल मीडिया और नई तकनीक ने अपने विचार व्यक्त करने के लिए कई दरवाजे खोल दिए हैं, लेकिन पत्रकारों को इनका इस्तेमाल समझदारी से करना चाहिए। प्रेस की स्वतंत्रता का मतलब है कि अधिकार के साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान दिया जाए।

कार्यक्रम में अमरजीत शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, कोमल बैसला, मानवी त्यागी, चैनना त्यागी, निकेत सिंह, रमाकांत कुमार, वर्णिका गोस्वामी, भूमि कुमारी, पलक टंडन, हर्षुल शर्मा, आस्था श्रीवास्तव, शकीब खान आदि रहे। चालन बीजेएमसी द्वितीय वर्ष के छात्र हर्ष बसुटा ने किया। इस दौरान संकाय सदस्य प्रो. अशोक त्यागी, डॉ. गुंजन शर्मा, सहायक प्रो. रामप्रकाश तिवारी, प्रीती सिंह, नीरज अग्रवाल, मधुर शर्मा, प्रिंस चौहान आदि मौजूद रहे।



सुभारती विवि के पत्रकारिता विभाग में शिक्षकों के साथ छात्र-छात्राएं। संवाद

## सुभारती विधि संस्थान में हुआ पारस्परिक संवाद कार्यक्रम

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान ने डिसएबिलिटी एंड इक्वल अपॉर्च्युनिटी सेल के सहयोग से पारस्परिक संवाद का आयोजन हुआ। सुभारती विधि संस्थान के निदेशक एवं पूर्व न्यायमूर्ति (उच्च न्यायालय) राजेश चंद्रा के दिशानिर्देशन और संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम कराया गया। मुख्य वक्ता डॉ. दानिश ने बताया यह सेल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) दिव्यांग एवं वंचित समूहों के लिए सरकार तथा विवि द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन कराने का प्रयास करता है। अल्पसंख्यक व महिला कर्मचारियों के कल्याण भी इसकी प्राथमिकता में है। इस दौरान बताया गया कि यदि कोई भेदभाव, जाति के आधार पर उत्पीड़न किया जा रहा है तो इसकी शिकायत विद्यालय के प्रतिनिधि अथवा विवि स्थित सेल में कर सकते हैं। अंत में विकास त्यागी ने आभार जताया। ब्यूरो

## विद्यार्थियों के दल ने जाना हस्तिनापुर का इतिहास

मेरठ। सुभारती डिपार्टमेंट ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटिज का शैक्षणिक दल हस्तिनापुर भ्रमण पर गया। प्रो. सुधीर त्यागी एवं डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने दल को शुभकामनाएं दी।यह दल हस्तिनापुर के प्राचीन पांडेश्वर मंदिर पहुंचा। इसके बाद संरक्षित ऐतिहासिक टीले एवं परावशेषों को देखा। डॉ. हरीश कुमार एवं डॉ. दुर्वेश कुमार ने मंदिर में स्थापित शिवलिंग एवं पुरावशेष के बारे में बताया। जैन मंदिर का भी भ्रमण किया गया। इस दल में डॉ. नेहा, डॉ. अंकित, डोली, तासी, तूझी, निकिता सिरोही, वासुसागर, उज्जवल, शिवानी, हुजेफा, तृप्ति शर्मा, खालिद, अंशु कुमारी, शिया शर्मा, श्रेय आश्रेय, जूही दीक्षित, प्रेमा, पायल, नीतू मौजूद रहे। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 05 May 2023, Page No.- City Page 6

# डॉ. वीबी भटनागर में रोगियों के प्रति था सेवाभाव



डॉ. वीबी भटनागर को श्रद्धांजलि देते सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर 05/05/23 AU (6)

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में मेरठ के प्रख्यात जनरल एवं कैंसर सर्जन डॉ. वीबी भटनागर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वह सुभारती मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर एमेरिटस भी थे।

बृहस्पतिवार को मांगल्या प्रेक्षागृह में श्रद्धांजलि सभा में बौद्ध विद्वान डॉ. चन्द्रकीर्ति ने पुण्यानुमोदन संस्कार के लिए वंदना की। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि सर्जरी के क्षेत्र में विस्तृत अनुभव होने के साथ डॉ. भटनागर में रोगियों के प्रति सेवाभाव था। सर्जरी की सूक्ष्म तकनीक के ज्ञाता थे। आदर्श शिक्षक के रूप में चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को निपुण बनाने में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने सुभारती कैंसर प्रबंध एवं अनुसंधान केंद्र का नाम स्व. डॉ. वीबी भटनागर के नाम पर रखने की घोषणा की।

### सुभारती कैंसर प्रबंध एवं अनुसंधान केंद्र का नाम डॉ. भटनागर पर रखने की घोषणा की

सभा में डॉ. उमंग मित्थल, डॉ. प्रदीप भारती गुप्ता, डॉ. राहुल बंसल, कुलपति डॉ. जीके थपलियाल, डॉ. कृष्ण मूर्ति ने डॉ. भटनागर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अतिरिक्त प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव डीके सक्सेना, डॉ. सत्यम खरे, डॉ. शालीन शर्मा, डॉ. संदीप, डॉ. अंजलि खरे, डॉ. वीबी भटनागर के सुपुत्र डॉ. पुनीत भटनागर मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 05 May 2023, Page No.- 5



05/05/23 (5) (H)

## वरिष्ठ सर्जन डॉ. वी. बी. भटनागर को श्रद्धांजलि

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में मेरठ के प्रख्यात जनरल एवं कैन्सर सर्जन डॉ. वी.बी. भटनागर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉ. वी.बी. भटनागर सुभारती मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर एमेरिटस भी थे। मांगल्या प्रेक्षागृह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बौद्ध विद्वान डॉ. चन्द्रकीर्ति ने पुण्यानुमोदन संस्कार हेतु वंदना की। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने पुष्पांजलि अर्पित की।

## सुभारती बुद्ध मेले का आज शुभारंभ

(5) 05/05/23 (H)

मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर सुभारती विवि स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ.मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के बुद्ध मेले का शुभारंभ आज होगा। मेला पांच से नौ मई तक शाम छह बजे से रात दस बजे तक चलेगा। मेले में बुद्ध संस्कृति, इतिहास एवं संगीत के साथ मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध होंगे। बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, मत्स्य जलकुण्ड बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केन्द्र होंगे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 06 May 2023, Page No.- 6**

### सुभारती विवि में बुद्ध मेले का शुभारंभ (6) H 06/05/23



मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर सुभारती विवि कैंपस स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में पांच दिवसीय सुभारती बुद्ध मेले का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। अंतर्राष्ट्रीय आयुक्त येओंगदेओक काउंटी भंते धम्मदीपा, स्थायी वाइस रेक्टर वियतनाम बौद्ध विवि के सचिव वेन थिच ट्राई डक, येओंगदेओक काउंटी वेलनेस टूरिज्म निदेशक ताई हो ली, द एसोसिएशन ऑफ कोरियन मेडिसन के निदेशक जे देओक ली, सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, डॉ. हिरो हितो, डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. विवेक कुमार एवं राजकुमार सागर ने किया। डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने मेले में आकर ज्ञान अर्जित करने एवं सौहार्द्र के साथ मनोरंजन करने की अपील की। इस अवसर शिब्बन लाल स्नेही, डॉ. कृष्णा मूर्ति, डॉ. रोहित रवीन्द्र मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 06 May 2023, Page No.- City Page 6

# सुभारती में पांच दिवसीय बुद्ध मेला शुरू

## कुलपति ने कहा कि विश्व में शांति और स्थिरता लाने के लिए गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलना होगा

माई सिटी रिपोर्टर 06/5/23 (6) AU



सुभारती विवि में मेले का शुभारंभ करते अतिथि। संवाद

मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के पांच दिवसीय सुभारती बुद्ध मेला का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय आयुक्त येओंगदेओक काउंटी भंते धम्मदीपा, स्थायी वाइस रेक्टर वियतनाम बौद्ध विवि के सचिव वेन थिच ट्राई डक, येओंगदेओक काउंटी वेलनेस टूरिज्म के निदेशक ताई हो ली, द एसोसिएशन ऑफ कोरियन मेडिसन के निदेशक जे देओक ली, सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने फीता काटकर किया।

डॉ. अतुल कृष्ण ने त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन विश्व को एकता के सूत्र में बांधने वाले गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था। कुलपति डॉ. जीके थपलियाल ने कहा कि विश्व में शांति और स्थिरता लाने के लिए गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलना होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने सभी से मेले में आकर ज्ञान अर्जित करने व सौहार्द के साथ मनोरंजन करने के लिए कहा।

मेला समिति सलाहकार डॉ. हिरो हितो ने कहा कि वैशाख पूर्णिमा प्रतिबिंब और नवीकरण का समय है। मेला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, भंते डॉ. चन्द्रकीर्ति, समाजसेवी शिब्बन लाल स्नेही, डॉ. कृष्णा मूर्ति, डॉ. रोहित रविंद्र, डॉ. अभय शंकरगौड़ा, डीके सक्सेना, डॉ. एसडी खान, सैयद जफर हुसैन, डॉ. वैभव गोयल, डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, डॉ. विवेक कुमार, राजकुमार सागर आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 07 May 2023, Page No.- City Page 7

## सुभारती विवि के विद्यार्थियों ने पेपला में लोगों को किया जागरूक

07/05/23 (7) AU




जागरूक करते स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के छात्र। संवाद

मेरठ। शिक्षा मंत्रालय के उन्नत भारत अभियान के तहत सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत विस्तार गतिविधि पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के छात्र-छात्राओं ने गांव पेपला में लोगों को जागरूक किया।

छात्र-छात्राओं ने गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। ग्राम प्रधान अनिल कुमार ने शिक्षकों व विद्यार्थियों की सराहना की। विस्तार गतिविधि का शुभारंभ इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय के डीन डॉ. मनोज कपिल ने किया। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग अध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार गर्ग, डॉ. राहुल सिरोही, डॉ. विशाल कुमार, डॉ. धीरपाल सिंह, डॉ. अंकित तिवारी, डॉ. नेहा वर्मा, डॉ. संजीव त्यागी, सिमरप्रीत कौर, अमरदीप आदि मौजूद रहे। विवि के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने आयोजन के प्रयासों की सराहना की। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 08 May 2023, Page No.- 6

## सुभारती बुद्ध मेले में उमड़ रही भीड़

08/05/23 (H) 6

मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय परिसर स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे बुद्ध मेले में परिवार के साथ लोग खूब आनंद कर रहे हैं।

मेला समिति अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, धम्म दीप कार्यक्रम का प्रसारण, मत्स्य जलकुण्ड, बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी, शरीर विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, तकनीकी विज्ञान प्रदर्शनी, चिकित्सा शिविर, लघु डॉक्यूमेंट्री, फोटो पाइन्ट आदि आकर्षण है।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 08 May 2023, Page No.- City Page 6

# सुभारती : बुद्ध मेले में उमड़ रही भीड़

08/05/23
AU (6)

माई सिटी रिपोर्टर



सुभारती विवि में चल रहे बुध मेले में मंचासीन अतिथि। संवाद

मेरठ। त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि परिसर स्थित बोधि उपवन में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे बुद्ध मेले में काफी भीड़ उमड़ रही है। मेले में लोग अपने-अपने परिवार से साथ खूब आनंद ले रहे हैं।

मेला में जहां बच्चे झूलों का मजा ले रहे हैं वहीं बड़े लोग बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, धम्म दीप कार्यक्रम का प्रसारण, मत्स्य जलकुण्ड, बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें आदि से लाभान्वित हो रहे है।

मेला समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, धम्म दीप कार्यक्रम का प्रसारण, मत्स्य जलकुण्ड, बुद्ध वंदना, दीपशाला, पुस्तकें एवं अन्य धम्म सामग्री, चित्र प्रदर्शनी, शरीर विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, तकनीकी विज्ञान प्रदर्शनी, चिकित्सा शिविर, लघु डॉक्यूमेंट्री, फोटो पाइन्ट, गुब्बारे पर निशाना, बच्चों के झूले, मिक्की माऊस, जादूगर, जलपान स्टॉल आदि बुद्ध मेले का मुख्य आकर्षण है। मेला नौ मई तक चलेगा।

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 10 May 2023, Page No.- 7

## सुभारती बुद्ध मेले का हुआ समापन

10/05/2023 H (7)

मेरठ। सुभारती विवि स्थित बोधि उपवन में जारी पांच दिवसीय बुद्ध मेला मंगलवार को संपन्न हो गया।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा एवं अपर जिला जज रमेश ने तथागत की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। भंते डॉ.चन्द्रकीर्ति ने मंगलाचरण वंदना की। विनीत अग्रवाल ने कहा कि मेला हमारे भारतीय संस्कारों में विशेष महत्व रखता है। संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि तथागत बुद्ध के आदर्श पर चलने से समाज एकता के सूत्र में पिरोया जा सकता है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ.रोहित रविन्द्र, सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ.कृष्णा मूर्ति ने लोगों का अभिनंदन किया।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 10 May 2023, Page No.- City Page 6

### गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर मिलेगी शांति

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के बोधि उपवन में मंगलवार को पांच दिवसीय बुद्ध मेला संपन्न हो गया। वक्ताओं ने कहा शांति और स्थिरता के लिए गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा एवं विशिष्ट अतिथि अपर जिला जज मेरठ रमेश ने तथागत की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर किया।

10.05.23 AU (6)

मुख्य अतिथि ने कहा मेला भारतीय संस्कारों में विशेष महत्व रखते हैं। इनसे सामाजिक एकता को बल मिलता है। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा तथागत बुद्ध के आदर्श पर चलने से समाज को एकता के सूत्र में पिरोया जा सकता है। संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के महापर्व पर सुभारती बुद्ध मेले का आयोजन किया गया। अपर जिला जज ने सभी को मेला पर बधाई दी। मेला समिति अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मेले में बुद्ध विहार, बुद्ध संगीत, धम्मपद पाठ, धम्म दीप कार्यक्रम का प्रसारण आदि मुख्य आकर्षण रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. शल्या राज, लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डा. रोहित रविन्द्र ने सभी का अभिनंदन किया। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 11 May 2023, Page No.- 7




## मूट-कोर्ट प्रतियोगिता में ईशा त्यागी विजेता

H (07) 11.05.23

मेरठ। सुभारती विधि संस्थान की बीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा जोया राव एवं ईशा त्यागी ने आईएमई लॉ कॉलेज साहिबाबाद में हुई मूटकोर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। ईशा त्यागी ने सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता का पुरस्कार जीता। निदेशक राजेश चन्द्रा एवं डीन डॉ.वैभव गोयल भारतीय ने ईशा त्यागी को पुरस्कृत किया। डॉ.रीना बिश्नोई, डॉ.सारिका त्यागी, डॉ.प्रेमचन्द्र, आफरीन अल्मास, विकास त्यागी, एना सिसौदिया, अजयराज सिंह, शालिनी गोयल, मयंक शर्मा मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 13 May 2023, Page No.- 4**

13/05/23 04

### सुभारती विश्वविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान शुरू

स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने शुभकामनाएं दी। हमारी नर्सेज हमारा भविष्य थीम पर नर्सिंग फैकल्टी द्वारा हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया। विशिष्ट अतिथि निदेशक सीबीएसपीडी प्रकाशक हेमंत उपाध्याय, प्रिंसिपल डॉ. गीता परवंदा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जोसी जोस सहायक प्रोफेसर ने बताया कि कार्यक्रम में 140 से अधिक छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा में प्रथम अनुपमा सिंह बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष, द्वितीय अंजलि शर्मा बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।

(H)

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 13 May 2023, Page No.- City Page 4

13-05-23 04

## सुभारती में नर्सिंग एक्सीलेंस अवार्ड दिए



पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में केक काटते अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में विश्व नर्सिंग दिवस मनाया गया। 'हमारी नर्स हमारा भविष्य' विषय पर हस्ताक्षर अभियान चला। मेडिसिन विभाग ने छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें केक काटा गया और स्टाफ नर्स को नर्सिंग एक्सीलेंस अवार्ड दिए गए। पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में कार्यक्रम में कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज शुभकामनाएं दीं। सीबीएसपीडी प्रकाशकों ने व्यावसायिक प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की, जिसमें अनुपमा सिंह बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष प्रथम, अंजलि शर्मा बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान पर रहीं। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 15 May 2023, Page No.- City Page 4

न्यूज डायरी

15/05/23 AU ④

### सुभारती में ब्रह्म विहार का हुआ शुभारंभ



सुभारती समूह के कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

मेरठ। गढ़ रोड स्थित ग्राम महलवाला में संघमाता डॉ. मुक्ति ग्लोबल बुद्धिस्ट फाउंडेशन की ओर से सुभारती ब्रह्म विहार (ध्यान क्रियाओं पर आधारित कार्यक्रम) का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बौद्ध महासंघ के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धर्म प्रकाश भारती बौद्ध, सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण, सुभारती ग्रामीण स्वास्थ्य शिक्षा निदेशक डॉ. आरबीएस पुष्कर, साधना विशेषज्ञ भंते कुशल सुमन, ब्रह्म विहार प्रशिक्षक भंते विमल बोधी ने दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद सुपश्यना ध्यान केंद्र का लोकार्पण किया गया। धर्म प्रकाश भारती बौद्ध ने कहा कि ध्यान साधना से जीवन में एकाग्रता आती है। संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने कहा कि विपश्यना स्वाध्याय का ही रूप है। ब्रह्म विहार प्रभारी राजकुमार सागर ने ब्रहम विहार के बारे में जानकारी दी। महेश महलवाला, जिला पंचायत सदस्य अमित फौजी, सुभाष प्रधान आदि मौजूद रहे। संवाद

### फोरेंसिक जांच के बारे में दी जानकारी

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की ओर से फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग सुभारती मेडिकल कॉलेज एवं इंडियन एकेडमी ऑफ मेडिको लीगल एक्सपर्ट्स के तत्वावधान में राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल ने किया। गोष्ठी में फोरेंसिक जांच प्रक्रिया की उपयोगिता के बारे में बताया गया। इस दौरान वक्ताओं में एम्स के प्रो. डॉ. आदर्श कुमार, राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विवि भोजपाल से डॉ. हर्ष शर्मा, राज्य फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला हिमाचल प्रदेश के सहायक निदेशक डॉ. विवेक सहजपाल रहे। संयोजक डॉ. नीतू पंवार, प्रो. डॉ. भीम सिंह, प्रो. डॉ. रेणु मावी, अजीत, श्रुति सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

**Date- 16 May 2023, Page No.- 8**



16/05/23 H 08

### सुभारती विवि में हुई एस नेट परीक्षा

मेरठ। सुभारती विवि में सोमवार को सेंट्रल एडमिशन सेल द्वारा विवि की प्रवेश परीक्षा एस-नेट हुई। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने परीक्षार्थियों को सफलता हेतु शुभक्रामनाएं दी। सहायक निदेशक तरूण काम्बोज के अनुसार परीक्षा में 15 सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। परीक्षा का पहला चरण 15-22 मई तक चलेगा।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 16 May 2023, Page No.- City Page 5

16/05/23 AU 05

## एस नेट परीक्षा में शामिल हुए देशभर के विद्यार्थी

**मेरठ।** सुभारती विवि की सेंट्रल एडमिशन सेल ने विवि की प्रवेश परीक्षा एस नेट (सुभारती नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) का आयोजन किया। इसमें विभिन्न राज्यों के 1500 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। सेल के सहायक निदेशक तरुण काम्बोज ने बताया कि परीक्षा का पहला चरण 22 मई तक चलेगा। एस नेट परीक्षा का उद्देश्य देशभर के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर उच्च शिक्षा दिलाना है। मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फाइन आर्ट, पत्रकारिता, शारीरिक शिक्षा, होटल मैनेजमेंट, फैकल्टी ऑफ साइंस, लॉ, इंजीनियरिंग, फिजियोथेरेपी, पॉलीटेक्निक, शिक्षा संकाय, फार्मेसी आदि के विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी है। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- ~~05~~ 18 May 2023, Page No.- City Page 5

## सुभारती मेडिकल कॉलेज में चर्म रोग पर हुआ सेमिनार

18/05/23 AV (5)



सुभारती में आयोजित सेमिनार में उपस्थित चिकित्सक। संवाद

मेरठ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के कांउसिलिंग हॉल में चर्म रोग विभाग की मंगलवार को सेमिनार हुआ। सुभारती मेडिकल कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. सत्यम खरे और चर्मरोग विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद कृष्णा ने मुख्य वक्ता डॉ. संदीप ग्रोवर का स्वागत किया। वरिष्ठ गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप ग्रोवर ने 'टोफासीटीनिब' मेडिसन पर व्याख्यान दिया। चर्म रोग विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉ. तृप्ति उपाध्याय ने सोरायसिज और एलोपेसिया रोग पर 'टोफासीटीनिब' मेडिसन के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राबिन चुग ने किया। भावना पंत, डॉ. संजय पांडे, डॉ. संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 19 May 2023, Page No.- City Page 4

# ई-ऑफिस से अभिलेख नहीं मिलने की समस्या होगी खत्म

④ 19/05/23 (AU)



स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में जागरुकता कार्यक्रम में अतिथि को पौधा भेंट किया गया। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के आह्वान पर जी- 20 तथा सतत विकास के लिए जागरूकता कार्यक्रम सुभारती विधि संस्थान के निदेशक राजेश चन्द्रा पूर्व न्यायमूर्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देशन तथा सुभारती लॉ कॉलेज के संकायाध्यक्ष प्रो. वैभव गोयल भारतीय के मार्गदर्शन में हुआ।

मुख्य वक्ता सुभारती विवि के सॉफ्टवेयर डेवलपर विवेक तिवारी ने बताया कि सुभारती विवि में ई-ऑफिस की शुरुआत की जा चुकी है। कागज का इस्तेमाल कम से कम करने के उद्देश्य से विवि द्वारा 'एस-टच' एप्लीकेशन को विकसित किया है, जिस पर छुट्टी के लिए ऑनलाइन आवेदन, हाजिरी आदि सारा काम होता है। विवि की मासिक पत्रिका नब्ज़ को भी डिजिटल माध्यम से पढ़ सकते है। प्रो. मुकेश रुहेला ने बताया विवि कैंपस को पेपरलेस करने का फायदा यह है कि इससे अभिलेखों नहीं मिलने की समस्या समाप्त हो जाएगी। इस दौरान प्रो. महावीर सिंह, प्रो. रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेमचन्द्र, आफरीन अल्मास, विकास त्यागी, एना सिसौदिया, अजयराज सिंह, शालिनी गोयल, मयंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 19 May 2023, Page No.- 8

## क्षमता निर्माण का दिया प्रशिक्षण

19/05/23 8(H)



मेरठ। पन्ना धाय मां सुभारती नर्सिंग कॉलेज में यूपी स्टेट मेडिकल फेकल्टी द्वारा फेकल्टी के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कराया गया। कुलपति डॉ.जीके थपलियाल और डॉ.दिनेश वरिष्ठ ने शुभारंभ किया। प्राचार्या डॉ.गीता परवांदा के अनुसार प्रशिक्षण में मिशन निरामया एवं उद्देश्य, नर्सिंग इको सिस्टम, शिक्षण वातावरण तैयार करना, कक्षा शिक्षण का अवलोकन और नैदानिक कौशल विकास बिंदुओं पर मंथन हुआ। कल्पना वरिष्ठ, आदि शंकर मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 20 May 2023, Page No.- 4

### फेयरवेल समारोह आयोजित H 04

20-05-23

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के शारीरिक शिक्षा विभाग और शिक्षा विभाग के रंगीला सांस्कृतिक क्लब द्वारा फेयरवेल समारोह हुआ। शुरुआत कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थंपलियाल, डॉ. संदीप कुमार डीन, शिक्षा संकाय, डॉ. अनोज राज विभागाध्यक्ष शिक्षा संकाय ने की। मिस फेयरवेल एमएड 2021-23 इकरा सैफी बनीं। डॉ. मुमताज शेख, डॉ. विभा लक्ष्मी, डॉ. अतुल तिवारी, डॉ. संगीता रानी, प्रो डॉ. संदीप कुमार आदि रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

**Date- ~~20~~ 21 May 2023, Page No.- ~~4~~ 6**

### सुभारती में हुआ तबले पर व्याख्यान



सुभारती विवि में सम्मानित किए गए छात्र-छात्राएं। संवाद

21/05/23 AU (6)

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के ललित कला संकाय के परफार्मिंग आर्ट्स विभाग में तबले पर एकदिवसीय प्रयोगात्मक व्याख्यान हुआ। इसमें बनारस घराना तथा पं. संतोष पाठक ने प्रयोगात्मक व्याख्यान दिया। उन्होंने तबले पर तीन ताल प्रस्तुत करके पेशकार, आलाप, कायदा, बांट, गत, फर्द आदि का वादन किया। हारमोनियम पर मेहराज खां की संगत रही। मंच का सफल संचालन निशी चौहान ने किया। डॉ. श्वेता चौधरी, डॉ. इंद्रेश मिश्रा, अभिषेक कुमार मिश्रा, तनुश्री कश्यप, श्वेता सिंह का सहयोग रहा। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 21 May 2023, Page No.- City Page 6

### सुभारती विवि में राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग 22 से

21/05/23 AU(6)

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में 22 से 24 मई तक राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता जूनियर और सीनियर वर्ग में होगी। इनमें करीब 35 राज्यों के 400 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं खेल समिति अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मेरठ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं मेजर ध्यानचंद सुभारती शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद शेरवालिया, प्रदेश महासचिव सुशील कौशिक, सुभारती खेल समिति के सचिव डॉ. परवीन कुमार मौजूद रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 21 May 2023, Page No.- 8

### तबले पर प्रैक्टिकल लेक्चर हुआ

8 H 21/05/23

मेरठ। सुभारती विवि के ललित कला संकाय के परफार्मिंग आर्ट्स विभाग में तबले पर प्रैक्टिकल लेक्चर हुआ। शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, प्राचार्य डॉ.पिंटू मिश्रा, एचओडी डॉ.भावना ग्रोवर एवं पं.संतोष पाढक ने किया। पं.संतोष पाढक ने तबले पर तीन्न ताल की प्रस्तुति दी। संगत मेहराज खां की रही। प्राचार्य डॉ:पिन्टू मिश्रा, डॉ.भावना ग्रोवर, निशि चौहान, डॉ.श्वेता चौधरी, डॉ.इन्द्रेश मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, तनुश्री कश्यप, श्वेता सिंह मौजूद रहीं।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- ~~24~~ 23 May 2023, Page No.- City Page 05

**डाटा विश्लेषण पर वर्कशॉप** H 23-05-23/04

मेरठ। सुभारती विवि के फेकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पायथन के उपयोग द्वारा डाटा विश्लेषण पर वर्कशॉप हुई। एचओडी डॉ. श्रवण गर्ग ने वर्कशॉप के उद्देश्य को साझा किया। डूकेट कंपनी में मशीन लर्निंग एक्सपर्ट इंजीनियर रोहित पाहवा ने डाटा, उसके स्रोत, विभिन्न प्रकार के डाटा और डाटा विज्ञान की जरुरत समझाई। डॉ. अर्चिता भटनागर एवं अमरदीप मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

**Date- 23 May 2023, Page No.- 04**

## पायथन के उपयोग से डेटा विश्लेषण पर कार्यशाला

05. AU 23-05-23

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पायथन के उपयोग द्वारा डेटा विश्लेषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का आयोजन मदन मोहन मालवीय सभागार में डीन डॉ. मनोज कपिल एवं विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार गर्ग की देखरेख में हुआ। मुख्य वक्ता इंजीनियर रोहित पाहवा ने डेटा, उसके स्रोत, विभिन्न प्रकार के डेटा (संरचित, अर्ध-संरचित और असंरचित डेटा, डेटा विज्ञान की आवश्यकता, मशीन लर्निंग एवं डाटा माइनिंग) के बारे में बताया। उन्होंने पायथन लाइब्रेरीज का उपयोग कर डेटा विश्लेषण पर अभ्यास कराया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को प्रचलित नई तकनीक से अवगत कराना है, जिससे रोजगार मिलने में आसानी होगी। आयोजन में इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत डॉ. अर्चिता भटनागर, अमरदीप की भूमिका रही। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 24 May 2023, Page No.- City Page 6.

## सुभारती विवि में किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ शशांक चौधरी, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, शिक्षा संकाय के डीन डॉ. संदीप चौधरी, सेंट जेवियर वर्ल्ड स्कूल सरधना के निदेशक प्रीतिश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एवं खेल समिति के अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने बताया कि मेरठ किक बॉक्सिंग एसोसिएशन एवं मेजर ध्यानचंद सुभारती शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता में 35 जनपदों से 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता जूनियर व सीनियर वर्ग में हुई। किक बॉक्सिंग प्रदेश अध्यक्ष अरविंद शेरवालिया, डॉ. मंजु अधिकारी, भारतेंदु चौहान, शिवानी आर्य, अंकित सिंह जादौन आदि मौजूद रहे। संवाद



किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। संवाद

## छात्रों ने किया जिला कारागार का भ्रमण

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के विद्यार्थियों ने जिला कारागार का शैक्षिक भ्रमण किया। डॉ. सारिका त्यागी के नेतृत्व में 17 विद्यार्थियों का दल कारागार पहुंचा।

निदेशक राजेश चंद्र ने कहा कि हमारी जेल सुधार गृह के रूप में कार्य करें तो यह समाज सुधार का एक तरीका होगा। प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय ने बताया कि कारागार भ्रमण विधि शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। अध्यापिका डॉ. सारिका त्यागी और विद्यार्थियों ने जिला कारागार में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में भी जानकारी दी।

इस दौरान आशुतोष शर्मा, ऋषभ, अनिल किशोर, हिमांशु पंवार, मोहम्मद तंजील, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।



जिला कारागार के भ्रमण के दौरान मौजूद सुभारती विवि के छात्र-छात्राएं। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 24 May 2023, Page No.- 8



08 H 24/05/23

**किक बॉक्सिग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम**

मेरठ। सुभारती विवि दो दिवसीय राज्य स्तरीय किक बॉक्सिग प्रतियोगिता का शुभारंभ सीडीओ शशांक चौधरी, विवि कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, डीन डॉ.संदीप चौधरी, प्रीतिश कुमार, विनीत त्यागी, दीपक त्यागी, शाल्विक जैन एवं अंशी शर्मा ने किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.शल्या राज ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। डॉ.संदीप कुमार के अनुसार प्रतियोगिता के ज जूनियर-सीनियर वर्ग में यूपी के 35 जनपदों से चार सौ खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अरविंद शेरवालिया, डॉ.मंजु अधिकारी, भारतेन्दु चौहान, शिवानी आर्य, अंकित सिंह जादोन एवं आदित्य मकोरवाल, सुशील कौशिक, सोनू सेनी, सतीश कुमार, मनोज यादव रहे।

# ews Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 25 May 2023, Page No.- 6

## भारत युवाओं का देश, सबसे बड़ी शक्ति

(H) 25 May 2023 (6)



मेरठ। सुभारती विवि में बुधवार को दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांगबुक डो प्रांत के राज्यपाल ली शीयोल वू ने शैक्षिक प्रगति एवं रोजगार के अवसर पर लेक्चर दिया। शुभारंभ मांगल्या प्रेक्षागृह में ली शीयोल वू, कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड, कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल, सलाहकार डॉ.हिरो हितो, यूंचओल ने किया। बौद्ध विद्वान भंते डॉ.चन्द्रकीर्ति ने मंगलाचरण वंदना की। डॉ.शल्या राज ने सदस्यों के विवि आने पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ली शीयोल वू ने कहा कि भारत युवाओं का देश है और किसी भी देश के लिए युवा सबसे बड़ी शक्ति होती है। पल्लवी त्यागी, डॉ.अभय शंकरगौड़ा, डीके सक्सैना, सैयद जफ़र हुसैन, डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ.मनोज कपिल, डॉ.पिन्टू मिश्रा रहे।

## ..s Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 25 May 2023, Page No.- City page 2

# किसी भी देश के लिए युवा बड़ी शक्ति : ली

## दक्षिण कोरिया के सियोल मेडिसिन एसोसिएशन एवं सुभारती विवि के बीच शिक्षा

माई सिटी रिपोर्टर




सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। संवाद

मेरठ। भारत युवाओं का देश है। किसी भी देश के लिए युवा बड़ी शक्ति होती है। यह बात स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में दक्षिण कोरिया के ग्योंगसांगबुक डो प्रांत के राज्यपाल ली शीयोल वू ने कही। वह दक्षिण कोरिया के सियोल मेडिसिन एसोसिएशन एवं सुभारती विवि के बीच शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास कार्य के लिए हुए समझौते के दौरान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मांगल्या प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि, सुभारती विवि की कुलाधिपति स्तुति नारायण कक्कड, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल, सम्राट अशोक सुभारती स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज के सलाहकार डॉ. हिरो हितो, दक्षिण कोरिया के केंद्रीय मंत्री को यूंचओल ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया। भंते डॉ. चंद्रकीर्ति ने मंगलाचरण वंदना प्रस्तुत की। कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने राज्यपाल को शुभकामनाएं दी। दक्षिण कोरिया के केंद्रीय मंत्री को यूंचओल ने सुभारती विवि परिसर की प्रशंसा की। इस दौरान दक्षिण कोरिया के सियोल मेडिसिन एसोसिएशन एवं सुभारती विवि के मध्य शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में कार्य करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव डीके सक्सेना, अतिरिक्त कुलसचिव सैयद जफर हुसैन, डॉ. वैभव आदि मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 27 May 2023, Page No.- City Page 5

AU 28/05/23 05

## जिला जज ने पूछा, क्या होती है वकील की भूमिका

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान के छात्रों ने शुक्रवार को जिला न्यायालय में लोक अदालत की कार्यप्रणाली को देखा और समझा।

निदेशक सुभारती लॉ कॉलेज राजेश चंद्र के मार्गदर्शन में डॉ. सारिका त्यागी संयोजक लॉ क्लब एवं फैकल्टी सदस्य शालिनी गोयल ने छात्रों को लोक अदालत का अवलोकन कराया। प्रिंसिपल लॉ फैकल्टी प्रो. वैभव गोयल ने कहा कि लोक अदालतों को वैधानिक दर्जा प्राप्त है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने छात्रों से वकील की भूमिका के बारे में पूछा। छात्रों ने आरपी सिंह मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से ऋण वसूली के मामलों के बारे में जानकारी की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि यह पेशा बहुत पवित्र और नोबेल है। ब्यूरो



जिला न्यायालय की कार्यप्रणाली देखने पहुंचे सुभारती विधि संस्थान के विद्यार्थी। संवाद

### बिगड़ रही पर्यावरण की सेहत

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि की एनएसएस विंग ने ''पर्यावरण और जीवन शैली'' पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। मुख्य वक्ता सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. फहीम अहमद ने कहा कि पर्यावरण की सेहत दिनोंदिन खराब हो रही है, जो मानव के लिए घातक है। एनएसएस समन्वयक प्रो. सुभाष चंद्र थलेडी ने व्याख्यान के उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम संयोजक हिमांशु सिरोही ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संवाद

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 27 May 2023, Page No.- 6

### फॉर्मा क्षेत्र में अवसरों पर मंथन

मेरठ। सुभारती विवि के फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री ऐंड फार्मास्यूटिकल्स विभाग में हुए सम्मेलन में फार्मा क्षेत्र में अवसरों और चुनौतियों पर मंथन हुआ। उद्घाटन कुलपति मेजर जनरल डॉ.जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने किया। विभु साहनी, डॉ.जय प्रकाश, डॉ.विजय भल्ला, डॉ.सुशील मिश्रा ने स्मारिका का विमोचन किया।



# News Paper Clipping Service

# Amar Ujala

## Date- 27 May 2023, Page No.- City Page 6

+ City page- 05

AU 27/05/23 06

### किक बॉक्सिंग में बच्चों ने जीते पदक



किक बॉक्सिंग के विजेता बच्चे। संवाद

मेरठ। सुभारती विश्वविद्यालय में हुई प्रदेश स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मेरठ पब्लिक स्कूल पल्लवपुरम के विद्यार्थियों ने छह स्वर्ण, आठ रजत व तीन कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में 35 जिलों से 400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। अपनी-अपनी आयु वर्ग में आन्या राजपूत, सार्थक, रेवांश, यश व पार्थ ने स्वर्ण, आर्य ने स्वर्ण व रजत, आरव चिकारा, धैर्य, दिव्यांश, यशवीर, विवान, कुशारा ने रजत, शुभांश, विनायक व आरव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य मुक्ति मनोचा ने कोच शोभा कश्यप सहित सभी को शुभकामनाएं दीं। संवाद

AU 27/05/23 05

### फार्मा क्षेत्र की चुनौतियों पर हुआ राष्ट्रीय सम्मेलन



सुभारती में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में स्मारिका का विमोचन करते अतिथि। संवाद

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के तत्वावधान में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विद्वानों ने फार्मा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कठिनाइयों से राहत के उपाय भी बताए।

सम्मेलन का शुभारंभ कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने किया। इसमें 12 राज्यों से आए विभिन्न संस्थानों के डीन, प्रधानाचार्यों, शिक्षकों, विद्वानों ने प्रतिभाग किया। विभु साहनी सदस्य पीसीआई केंद्रीय परिषद, प्रो. अरु गर्ग कुलपति एमवीएन विवि पलवल, डॉ. जयप्रकाश वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी आईपीसी, प्रो. विजय भल्ला एसजीटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी एसजीटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान स्मारिका का विमोचन किया। निधि धामा, डिंपल सिंह तोमर, डॉ. सोकेंद्र कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। पोस्टर सत्र का समन्वयन स्वस्ति अरोड़ा, अंचल त्यागी, नंदिनी शर्मा, डॉ. विक्रांत वर्मा ने किया। संयोजक डॉ. अमित कुमार ने किया। आयोजन सचिव डॉ. मनीष कुमार पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। ब्यूरो

# News Paper Clipping Service

# Hindustan

## Date- 30 May 2023, Page No.- 8

30/05/23 H 08

### बच्चों को दें संस्कारों की शिक्षा

मेरठ। सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ द्वारा माछरा ब्लॉक में वृद्ध व्यक्ति, हाशिए पर रहने वाली आबादी, ट्रांसजेंडर एवं अन्य समुदायों के लोगों के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से शिविर लगा। निदेशक राजेश चंद्र, डॉ .वैभव गोयल भारतीय ने शिविर की महत्ता बताई। अनुष्का बादली ने कहा कि ट्रांसजेंडर समाज में हाशिए पर रहने वाला वर्ग है। प्राधिकरण के सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि माता-पिता का यह कर्तव्य है कि अपने बच्चों का पालन-पोषण करते समय उन्हें नैतिकता, पारिवारिक मूल्य एवं संस्कारों की शिक्षा भी अवश्य दें। माणिक, उवैस, अजय, हैदर एवं प्रियांशु मौजूद रहे।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 30 May 2023, Page No.- City Page 4

## जैविक विविधता प्रकरण पर हुई वेबिनार

AU 04 30-5-23

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विवि के शिक्षा-संकाय और आयुष संकाय ने विवि पर्यावरण समिति के सहयोग से भारत में जैविक विविधता प्रकरण पर वेबिनार आयोजित की। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने शुभकामनाएं दीं। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. संदीप कुमार ने छात्रों को जैविक विविधता का महत्व बताया। मुख्य वक्ता डॉ. शरद पांडे डीन स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर फॉरेस्ट्री एंड फिशरीज हिमगिरी यूनिवर्सिटी उत्तराखंड रहे। शुभारंभ डॉ. शालिनी तिवारी सहायक आचार्य शिक्षा विभाग ने स्वागत किया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अनोज राज ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। संवाद

## जागरूकता कार्यक्रम में बताए अधिकार

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के सरदार पटेल सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने ब्लॉक माछरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सुभारती लॉ कॉलेज के निदेशक राजेशचंद्र पूर्व न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशन एवं प्रो. वैभव गोयल भारतीय संकाय अध्यक्ष सुभारती विधि संस्थान के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। बीएलएलबी की छात्रा अनुष्का बादली ने ट्रांसजेंडर के अधिकारों के बारे में बताया। विधि संस्थान के प्रवक्ता शालिनी गोयल ने वृद्ध माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया। प्राधिकरण के सचिव विनोद शर्मा, माणिक उवैस,अजय, हैदर तथा प्रियांशु आदि उपस्थित रहे। संवाद

# News Paper Clipping Service

## Hindustan

### Date- 31 May 2023, Page No.- 7

H 31-05-23 07

# हिन्दी पत्रकारिता बहुत ही सशक्त, सुदृढ़

**सुभारती विवि**

मेरठ। सुभारती विवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर 'वर्तमान परिपेक्ष्य में हिन्दी पत्रकारिता की दशा-दिशा एवं जरूरत' विषय पर व्याख्यान हुआ। डॉ. अम्बरीष सक्सेना ने कहा कि आज हिन्दी पत्रकारिता सशक्त और सुदृढ़ है और यह अंग्रेजी पत्रकारिता से कोसो मील आगे है। हिन्दी पत्रकारिता का महत्व नकारा नहीं जा सकता। डॉ. अम्बरीष ने छात्रों से भाषा त्रुटियां और अशुद्धियों पर ध्यान देने को प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी ने पत्रकारिता के छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही शुद्ध हिन्दी लेखन एवं उसके प्रयोग पर ध्यान देने को प्रोत्साहित किया। आचार्य राम प्रकाश तिवारी, नीरज अग्रवाल, प्रीति सिंह, डॉ. गुंजन शर्मा, प्रो. अशोक त्यागी, संजय जुगरान, वर्णिका, मान्वी त्यागी, छैना त्यागी, हर्ष बसुटा, आस्था, भूमि, सुमैया, लाइबा तस्किन, अर्पित, विशेष शर्मा, हर्षुल, मोहित प्रजापति मौजूद रहे।



सुभारती विश्वविद्यालय में मंगलवार को मिशन लाइफ थीम पर बनाए गए पोस्टर।

## पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान, वंदना विजेता

सुभारती विवि के एनएसएस द्वारा मिशन लाइफ थीम पर हुई पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रों ने प्रतिभा दिखाई। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो.शल्या राज ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। निर्णायक मंडल में प्रो.पिंटू मिश्रा रहे। पोस्टर में मुस्कान सुखरालिया, वंदना, मेहविश क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। तरन्नुम, आंचल जेएस और राजा को सांत्वना पुरस्कार मिला। समन्वयक प्रो. सुभाष चंद्र थलेड़ी, शिवानी भदौरिया रहीं।

# News Paper Clipping Service

## Amar Ujala

### Date- 31 May 2023, Page No.- City Page 5



सुभारती विवि में हुई पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभागी। संवाद

31/05/23 AU 05

## पोस्टर में मुस्कान और स्लोगन में सुप्रिया प्रथम

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि की एनएसएस इकाई ने विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 'मिशन लाइफ' के तहत पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की। पोस्टर में मुस्कान और स्लोगन लेखन में सुप्रिया वत्स प्रथम रहीं। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के आईआईएल सभागार में हुई प्रतियोगिता में 40-45 प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

'मिशन लाइफ' प्रधानमंत्री की प्रेरणा से वैश्विक स्तर पर चलाए जाने वाला अभियान है। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सुभाषचंद्र थलेड़ी ने कहा एनएसएस के माध्यम से स्वयंसेवक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में समाज में चेतना ला सकते हैं। इसके निर्णायक प्रो. पिंटू मिश्रा डीन एवं प्राचार्य नंदलाल बोस सुभारती कला एवं फैशन डिजाइनिंग संकाय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान सुखरालिया, वंदना, मेहविश प्रथम तीन स्थान पर रहे। तरन्नुम, आंचल जेएस व राजा को सांत्वना पुरस्कार मिला। स्लोगन लेखन में सुप्रिया वत्स, कंचन व भूमिका ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। आरती, लिपी पाल व कृतिका को सांत्वना पुरस्कार मिला। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जीके थपलियाल और मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो. शल्या राज का आभार जताया। संवाद